तमसो मा ज्योतिर्गमय

# दिग्दर्शिका पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान,

## भोपाल, मध्यप्रदेश



# ई-पत्रिका

अक्टूबर - दिसंबर, 2025 : अंक - 4

## “समानता, समावेशन और सशक्तिकरण की ओर एक सार्थक कदम - अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस, 3 दिसम्बर”

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि समावेशी समाज के निर्माण का संकल्प है। यह दिवस हमें यह समझने का अवसर देता है कि दिव्यांगता कोई सीमा नहीं, बल्कि मानवीय विविधता की शक्ति है, जिसे सही अवसर, संवेदनशील दृष्टिकोण और समर्पित शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाया जा सकता है।

दिग्दर्शिका ट्रेनिंग कॉलेज निरंतर समावेशी शिक्षा के मूल्यों को आत्मसात करते हुए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा भावी विशेष शिक्षकों को व्यावहारिक, नैतिक और मानवीय दृष्टिकोण से प्रशिक्षित करने हेतु प्रतिबद्ध रहा है। यहाँ शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहकर संवेदना, सहयोग और सशक्तिकरण का माध्यम बनती है

यह ई-पत्रिका (अक्टूबर - दिसंबर 2025 ) इसी प्रतिबद्धता का जीवंत दस्तावेज है, जिसमें शैक्षिक गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रायोगिक अनुभवों एवं सह-पाठ्यक्रमीय आयोजनों के माध्यम से समावेशी शिक्षा की दिशा में किए गए प्रयासों का सार प्रस्तुत किया गया है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चे विशेष नहीं, समान अधिकारों के साथ विशेष संभावनाओं के वाहक हैं।"








# ट्रेनिंग कॉलेज शैक्षणिक गतिविधियाँ





- एम.एड., विशेष शिक्षा, तृतीय सेमेस्टर - सत्र 2024 - 26 के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षण, पाठ योजना, पाठ अवलोकन एवं इंटर्नशिप का कार्य दिग्दर्शिका विशेष विद्यालय के विशेष बच्चों के साथ तथा बी.एड., विशेष शिक्षा, तृतीय सेमेस्टर - सत्र 2024 - 26 के विद्यार्थियों के सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह कार्य शिक्षक प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य अंग है।





- एम. एड. विशेष शिक्षा, सत्र 2025 - 27 प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा बी. एड. प्रथम वर्ष सत्र 2025 - 27 एवं तृतीय वर्ष सत्र 2024 - 26 के विद्यार्थियों के समक्ष शिक्षण अभ्यास का आयोजन दिनांक 3 से 20 नवंबर 2025 तक किया गया।






- इसी अवधि में बी.एड., प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2025 - 27 के विद्यार्थियों के मध्य "Awareness of Disabilities” विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । प्रतियोगिता का निर्णय एम.एड., प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2025 - 27 के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिसमें-

- प्रथम स्थान : शिवानी गर्ग ( Slogan - ऑटिज़्म को ठीक करने की ज़रूरत नहीं है, दुनिया की सोच बदलने की ज़रूरत है )
  द्वितीय स्थान : ( Slogan - अक्षमता कोई सीमा नहीं है, बल्कि एक अलग क्षमता है ।)
  तृतीय स्थान : आदेश चौधरी ( Slogan - दिव्यांगता से हम कमज़ोर नहीं हैं मजबूर नहीं हैं )
  प्राप्त हुआ ।

- बी. एड., विशेष शिक्षा, प्रथम सेमेस्टर - सत्र 2025 - 27 के 25 विद्यार्थियों द्वारा 25 विशेष विद्यार्थियों की केस हिस्ट्री शिक्षक एवं माता पिता द्वारा ली गई उसके आधार पर प्रत्येक विशेष बच्चों की व्यक्तिगत शैक्षणिक योजना (IEP) तैयार कर कक्षा में प्रत्येक पांच विद्यार्थियों द्वारा विशेष शिक्षकों के समक्ष (दिनांक 03 से 21 नवंबर 2025 ) तक प्रस्तुत किया गया ।






- बी. एड. विशेष शिक्षा, प्रथम सेमेस्टर - सत्र 2025 - 27 के विद्यार्थियों ने दिग्दर्शिका विशेष विद्यालय तथा शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालक / बालिकाओं के आवासीय विद्यालय, भोपाल (म.प्र.) का शैक्षिक भ्रमण कर दिनांक 12 से 13 नवंबर 2025 को विशेष बच्चों का अवलोकन किया। यह गतिविधि विद्यार्थियों के प्रायोगिक प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण भाग रही।

- बी.एड. एवं एम.एड. सत्र 2025 - 27 प्रथम सेमेस्टर एवं सत्र 2024 - 26 तृतीय सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों ने समग्र शिक्षा अभियान (सेकेंडरी एजुकेशन), जिला भोपाल द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस (3 दिसंबर) के अवसर में आयोजित दिव्यांगजन हेतु सांस्कृतिक, खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता में स्वयंसेवक (Volunteer) के रूप में सक्रिय सहभागिता प्रदान की।

- यह कार्यक्रम सुभाष एक्सीलेंस स्कूल, शिवाजी नगर, भोपाल में दिनांक 20 दिसंबर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने आयोजन के संचालन, प्रतिभागियों के सहयोग, मार्गदर्शन एवं व्यवस्थापन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  इस स्वयंसेवी अनुभव से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण की भावना का विकास हुआ, जो विशेष शिक्षक प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण आयाम है।

# पत्राचार पाठ्यक्रम की गतिविधियाँ





- मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र 1720 में बी. एड. विशेष शिक्षा सत्र 2023 - 26, प्रथम वर्ष के 33 विद्यार्थियों की सैद्धांतिक परीक्षाएँ सफलतापूर्वक दिनांक 11 सितंबर 2025 से 06 अक्टूबर 2025 तक संपन्न हुईं।



- मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र 1720 में बी. एड. विशेष शिक्षा सत्र 2024 - 27, प्रथम वर्ष के 33 विद्यार्थियों की सैद्धांतिक परीक्षाएँ दिनांक 01 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

# विशेष विद्यालय : शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ




- बी.एड. विशेष शिक्षा, सत्र 2025 - 27 प्रथम सेमेस्टर के 25 विद्यार्थियों द्वारा विशेष बच्चों की विशेष शिक्षकों से केस हिस्ट्री प्राप्त की गई तथा उनकी क्षमता एवं आवश्यकता अनुसार प्राथमिकता के आधार पर व्यक्तिगत शैक्षणिक कार्यक्रम (IEP ) तैयार किया गया ।





**बाल दिवस आयोजन (14 नवंबर 2025)**

- बाल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 14 नवंबर 2025 को सभी विशेष विद्यार्थियों को भ्रमण हेतु बाल उद्यान ले जाया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह एवं आनंद के साथ इन गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनका आत्मविश्वास, सहभागिता एवं प्रसन्नता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई ।

# पर्पल फेयर 2025 : अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस विशेष (3 दिसंबर 2025 )



अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयकर विभाग द्वारा आयोजित "**पर्पल फेयर (Purple Fair) - 2025** " में दिनांक 03 दिसंबर 2025 को दिग्दर्शिका विशेष विद्यालय के विशेष विद्यार्थियों एवं दिग्दर्शिका संरक्षित कार्यशाला से जुड़े विशेष व्यक्तियों को आयकर भवन ले जाया गया, जिसमें कुल 19 विद्यार्थियों ने सहभागिता की ।

इस कार्यक्रम में दिग्दर्शिका सहित विभिन्न गैर सरकारी सगंठन (NGOs ) से आए दिव्यांग बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग द्वारा यह कार्यक्रम देश के 10 प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान महानिदेशक (आयकर) सुश्री सृजनी मोहंती ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में डी. जी. (इन्वेस्टिगेशन) श्री विजय कुमार पांडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन आयकर अधिकारी श्री आशीष मोदगिल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर दिग्दर्शिका विशेष विद्यालय के विद्यार्थी सुमंत काले को उनकी खेलकूद उपलब्धि के लिए आयकर विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही दिग्दर्शिका की निदेशक श्रीमती उषा उपाध्याय ने सभी विशेष विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

कार्यक्रम के दौरान दिग्दर्शिका संरक्षित कार्यशाला के स्टाफ द्वारा विशेष बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादनों का स्टॉल भी लगाया गया, जिसे उपस्थितजनों द्वारा सराहा गया।

# क्रिसमस उत्सव (25 दिसंबर 2025 )



प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी विशेष विद्यार्थियों ने विशेष विद्यालय के प्रांगण में क्रिसमस ट्री सजाकर उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया ।

संस्था के स्टाफ सदस्यों द्वारा सभी विद्यार्थियों को केक वितरित किया गया, जिससे बच्चों में अत्यधिक उत्साह एवं आनंद का वातावरण देखने को मिला। यह आयोजन आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सहभागिता का प्रतीक रहा।





# संरक्षित कार्यशाला : आत्मनिर्भरता एवं रचनात्मकता का संगम





विशेष आवश्यकता वाले व्यक्तियों को आर्थिक से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संरक्षित कार्यशाला में अक्टूबर से दिसम्बर 2025 के में कई गतिविधियाँ संचालित की गई। इस दौरान कार्यशाला में कार्यरत विशेष व्यक्तियो द्वारा टेराकोटा के सजावटी दिये तैयार किये गए एवं इनके गिफ्ट डेम्पर विक्रय एवं प्रर्दशनी हेतु विभिन्न स्थानो पर स्टॉल लगाये गये साथ ही पेपर बैग एवं पेपर दोना बनाने का काम उत्साह के साथ किया ।

